



नवभारत
ग्वालियर, गुरूवार,30 अप्रैल, 2026


मामूली घरेलू विवाद बना खूनी संघर्ष

# छोटे भाई ने बड़े भाई को मारी गोली, मौत



बाथरूम में पानी डालने की बात पर हुआ विवाद, बीच-बचाव करने पहुंचे पिता पर भी हमला; आरोपी परिवार सहित फरार

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 अप्रैल.** गोहद चौराहा थाना अंतर्गत एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां मामूली घरेलू विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। बाथरूम में पानी डालने को लेकर शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने बड़े भाई को देशी कट्टे से गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना में बीच-बचाव करने पहुंचे पिता भी घायल हो गए। वारदात के बाद आरोपी परिवार सहित फरार हो गया।

**देवरानी और जेठानी में बाथरूम में पानी डालने को लेकर हुआ था विवाद:** जानकारी के अनुसार, गोहद चौराहा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 18 में रहने वाले भदौरिया परिवार में दिन के समय घरेलू कामकाज को लेकर कहासुनी हुई थी।

बताया जा रहा है कि आरोपी राजू भदौरिया की पत्नी रितु और बड़े भाई मनमोहन भदौरिया की पत्नी सरिता के बीच बाथरूम में पानी नहीं डालने की बात को लेकर विवाद हुआ था। परिवार के लोगों ने तत्काल मामला शांत करा दिया था। **पिता पर भी किया हमला:** रात करीब 11:55 बजे जब राजू भदौरिया घर पहुंचा, तब उसकी पत्नी ने दिन में हुए विवाद की जानकारी दी।

यह सुनते ही राजू आगबबूला हो गया और बड़े भाई मनमोहन से गाली-गलौज करने लगा। कुछ ही देर में विवाद ने उग्र रूप ले लिया।

विवाद बढ़ता देख पिता गोवर्धन भदौरिया बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपी ने उन पर भी हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में चोट आई और खून बहने लगा। पिता को बचाने के लिए जब बड़े भाई मनमोहन आगे आए, तब आरोपी ने देशी कट्टे से उन पर फायर कर दिया। गोली सीधे सिर में लगने से मनमोहन की मौके पर ही मौत हो गई।

## आरोपी अपने परिवार सहित फरार

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी अपने परिवार सहित फरार हो चुका था। घटना की सूचना मृतक की पत्नी सरिता ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही गोहद चौराहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा। मृतक की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राजू भदौरिया के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

### आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों भाईयों के बीच पहले से घरेलू विवाद चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**रामनरेश यादव,**
**टीआई, थाना**
**गोहद चौराहा।**

# किसानों की शिकायत पर एसडीएम ने किया वेयरहाउस निरीक्षण, लंबित तौल प्रक्रिया शुरू कराई

## एसडीएम ने उपार्जन व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 अप्रैल.** गोहद तहसील क्षेत्र स्थित एमएम वेयरहाउस एवं एमएन वेयरहाउस का बुधवार को एसडीएम राजन बी.नाड़िया ने किसानों की शिकायत पर निरीक्षण किया है। निरीक्षण के दौरान किसानों द्वारा लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

किसानों ने शिकायत की थी कि उनकी उपज की बोली समय पर नहीं लग रही है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतों के मद्देनजर एसडीएम राजन नाड़िया मौके पर पहुंचे और संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने लंबित टोकन एवं तौल प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से शुरू कराया। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन कार्य नियमित, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संचालित किया जाए। एसडीएम राजन नाड़िया ने स्पष्ट कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और उपार्जन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा खरीदी प्रक्रिया व्यवस्थित ढंग से संचालित की जाए। उन्होंने उपार्जन केंद्रों पर नियमित मॉनिटरिंग बनाए रखने और समस्याओं के त्वरित समाधान के भी निर्देश दिए।


# बुद्ध पूर्णिमा पर मेधावी छात्रों एवं प्रशासनिक सेवा में चयनित अभ्यर्थियों का होगा सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव / भिंड ।** डॉ. अम्बेडकर समन्वय समिति, मेहगांव के तत्वावधान में तथागत गौतम बुद्ध की 2588वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर आगामी 1 मई को एक भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। गल्ला मण्डी स्थित डॉ. बी. आर. अम्बेडकर आध्यात्मिक आश्रम में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शिक्षा, सेवा और समाज के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बुद्ध जयंती के इस शुभ अवसर पर सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी गई है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों की शिक्षा में बाधा न आए, इस उद्देश्य से उन्हें स्टेशनरी का वितरण किया जाएगा। बोर्ड परीक्षाओं एवं अन्य कक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले क्षेत्र के छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा हाल ही में प्रशासनिक सेवाओं में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का विशेष अभिनंदन किया जाएगा, जिससे अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिल सके। डॉ. अम्बेडकर समन्वय समिति ने क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों, समाजसेवियों और छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर तथागत बुद्ध के विचारों को आत्मसात करें और प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें।

# मेहगांव में ऐतिहासिक महाकुंभ : भव्य महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव 29अप्रैल.** - क्षेत्र में पहली बार इतने भव्य स्तर पर धार्मिक आयोजन होने जा रहा है, जिसे लेकर पूरे इलाके में उत्साह का माहौल है। पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर हरिओम दास जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा को क्षेत्र का एक ऐतिहासिक महाकुंभ माना जा रहा है।

30 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जबकि 1 मई से श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ होगा।



**कलश यात्रा का भव्य आयोजन:** समय: शाम 3:30 बजे से
**प्रारंभ:** ग्वालियर चौराहा, जनपद के सामने स्थित भूमिया सरकार मंदिर, मेहगांव
**समापन:** नवीन कथा स्थल, मोर रोड पिपरौली गेट के आगे इस

कलश यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। विशेष रूप से माताओं और बहनों से बड़ी संख्या में भाग लेने का आग्रह किया गया है। कलश यात्रा सनातन परंपरा का एक अत्यंत पवित्र अनुष्ठान है, जिसमें महिलाएं सिर पर कलश रखकर देव आह्वान करती हैं। इससे वातावरण शुद्ध होता है, सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और यज्ञ एवं कथा की सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।

**भव्यता का अद्भुत नजारा** यह शोभायात्रा बैंड-बाजों, ढोल-नगाड़ों, आकर्षक झांकियों और जयकारों के साथ निकाली जाएगी, जो पूरे नगर को भक्तिमय बना देगी। संत-महात्माओं का पावन सान्निध्य **इस दिव्य आयोजन में अनेक पूज्य संत-महात्मा शामिल होंगे, जिनमें प्रमुख हैं:** पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामभूषण जी महाराज (खनेता धाम) पूज्य श्री श्री 108 कमल दास जी महाराज (टेकरी धाम) पूज्य श्री श्री 108 भगवती दास जी (परीक्षित)

तथा अन्य कई संत एवं महात्मा इस शोभायात्रा की शोभा बढ़ाएंगे। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के स्वागत हेतु भव्य स्वागत द्वार एवं व्यवस्थाएं की गई हैं। मीडिया प्रभारी प्रमोद चौधरी ने समस्त क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वे समय पर पहुंचकर इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें और धर्म लाभ प्राप्त करें। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि क्षेत्र की एकता, संस्कृति और परंपरा का भी अद्भुत संगम साबित होगा।

### रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष बने पोरवाल

**भोपाल.** मनोहर पोरवाल को रतलाम विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. बुधवार को नगरीय विकास एवं आवास विभाग से जारी आदेश में गोविंद काकाणी और प्रवीण सोनी को प्राधिकरण का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. आदेश में रतलाम विकास प्राधिकरण के सदस्यों की भी नियुक्ति की गयी है. इनमें राजेन्द्र सिंह गोयल, राजेन्द्र मौर्य, धीरज व्यास, राखी व्यास और किरण महावर के नाम शामिल हैं. सभी पदाधिकारियों को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक नियुक्त किया गया है. चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में श्री विजय यादव को नियुक्त किया गया है. इस संबंध में नगरीय विकास एवं आवास विभाग की ओर से आदेश जारी किया गया है.

# युवा संगम रोजगार मेला आज, युवाओं को मिलेगा रोजगार का अवसर




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 अप्रैल.** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय आईटीआई भिंड एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में युवा संगम रोजगार, अप्रेंटिस एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 30 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। यह मेला सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक शासकीय एम.जे.एस. महाविद्यालय में आयोजित होगा।

मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियां एवं संस्थान युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। इनमें हीरो मोटर्स नीमराना राजस्थान, सिनोवा गियर ट्रांसमिशन प्रा.लि. राजकोट, पेथविस्टा कैरियर सर्किल कॉरपोरेशन, नीडेक प्रा.लि. नीमराना राजस्थान, सूर्या रोशनी मालनपुर, मिन्डा सिल्का इंजीनियरिंग हरियाणा, कौशल विकास केन्द्र ग्वालियर, रिलायंस वेयरहाउस, एमपीएमके वीवीसीएल भिंड, भारत पे मर्चेंट प्रा.लि. चम्बल संभाग, क्विक आईटी सॉल्यूशन एंड कंसल्टेंसी ग्वालियर, चेटमेट सिक्योरिटी, प्रमोकाश आउटसोर्सिंग सर्विस प्रा.लि., एलआईसी भिंड, अतुल ऑटो प्रा.लि. अहमदाबाद, विशाल वेरिंग राजकोट, करोना रेमेडीज अहमदाबाद एवं शयजोन सोलर सहित अन्य कंपनियां शामिल रहेंगी। इन कंपनियों द्वारा योग्य एवं शिक्षित अभ्यर्थियों की नि:शुल्क भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के दौरान 10वीं, 12वीं एवं स्नातक की मूल अंकसूची, समस्त मूल प्रमाण पत्र एवं पासपोर्ट साइज के तीन फोटोग्राफ साथ लाना अनिवार्य होगा। जिला रोजगार कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल होने वाले युवाओं को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। जिला प्रशासन ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# अभाविप ने शा. महाविद्यालय फूप में जल मंदिर का किया शुभारंभ

**भीषण गर्मी और परीक्षा सत्र को देखते हुए विद्यार्थियों के लिए पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने की पहल**




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 अप्रैल.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई फूप द्वारा बढ़ती हुई गर्मी एवं परीक्षाओं का समय नजदीक आने को ध्यान में रखते हुए सेवार्थ विद्यार्थी अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय फूप में जल मंदिर का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रांत सह संयोजक पीयूष अवस्थी ने बताया कि जल मंदिर अभियान जिला भिंड द्वारा आयोजित एक प्रांत स्तरीय अभियान है। मध्यभारत प्रांत के 18 जिलों में प्रत्येक कैंपस में जल मंदिर स्थापित किए जा रहे हैं, जिनकी देखरेख एवं संचालन की जिम्मेदारी परिषद के कार्यकर्ताओं की रहेगी। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा इससे पूर्व पक्षियों के लिए भी सकोरे लगाने का कार्य किया गया था। विद्यार्थी परिषद की गतिविधि के माध्यम से पूरे देश में निरंतर सेवा कार्य संचालित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य समाज एवं विद्यार्थियों के हित में सकारात्मक योगदान देना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक सूर्य भदौरिया, नगर मंत्री सत्यम मिश्रा, गौरव, ऋतिक गोयल, अंशुमान भाटेले एवं प्रीति शाक्य सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए आगे आई शाखा जागृति



भारत विकास परिषद शाखा जागृति ने पशु-पक्षियों के लिए जल व दाना उपलब्ध कराने का लिया 100 सकोरे लगाने का संकल्प

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 अप्रैल.** गर्मी के बढ़ते प्रकोप में पशु-पक्षियों के लिए जल एवं दाने की व्यवस्था करना प्रत्येक मानव का नैतिक कर्तव्य है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए भारत विकास परिषद शाखा जागृति के सदस्यों द्वारा स्थानीय गौरी किनारे स्थित विभिन्न मंदिरों, प्रांगणों, बगीचों एवं निवास स्थलों पर 51 सकोरे टांगने का कार्य किया गया। शाखा की कोषाध्यक्ष अंजू गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि परिषद के सेवा कार्यों के अंतर्गत वर्तमान समय में पशु-पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है। परिषद द्वारा कुल 100 सकोरे लगाने का संकल्प लिया गया है, जिसे आगामी चरणों में पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पक्षियों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना एक छोटी लेकिन महत्वपूर्ण पहल है, जिससे जीव-जंतुओं को राहत मिल सकेगी। आयोजित सकोरे टांगने की मुहिम में धीरज शुक्ला, कैलाश नगरिया, गगन शर्मा, अरुणा पाठक, अनीता बंसल, सोनिया अग्रवाल, उषा नगरिया एवं राहुल श्रीवास सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# धूमधाम से निकली भगवान परशुराम जयंती शोभायात्रा, गूंजे जयकारे

**लक्ष्मी नारायण बड़े हनुमान मंदिर से निकला चल समारोह, पुष्पवर्षा और महाआरती के साथ हुआ समापन**

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 अप्रैल.** भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर बुधवार को मालनपुर नगर में भव्य चल समारोह एवं शोभायात्रा का आयोजन किया गया। ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा नगर भगवान परशुराम के जयकारों, भक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से भक्तिमय माहौल में सराबोर नजर आया।



चल समारोह का शुभारंभ सुबह 9 बजे लक्ष्मी नारायण बड़े हनुमान मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद भगवान परशुराम की प्रतिमा को आकर्षक रूप से सुसज्जित रथ पर विराजित कर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली। यह यात्रा 719 हाईवे, मालनपुर थाना, एसबीआई बैंक, बाली गली और सब्जी मंडी होते हुए पुन: हनुमान मंदिर पहुंची। मार्ग में विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा श्रद्धालुओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं शीतल पेय की व्यवस्था भी की गई। चल समारोह में शामिल आकर्षक झांकियां लोगों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। युवा, बुजुर्ग एवं महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर भगवान परशुराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते नजर आए। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। शोभायात्रा के समापन पर हनुमान मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की विधिवत महाआरती की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और उत्साह के साथ सहभागिता की। महाआरती के उपरांत महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में संयोजक राघवेंद्र शर्मा, श्रीश्री 1008 श्री हरिदास महाराज सरकार, एडवोकेट अनिल मिश्रा, पंडित मान सिंह शर्मा, अशोक शर्मा, ठेकेदार सुरेंद्र कांकर, संतोष शर्मा, ठेकेदार डी.के. शर्मा, धर्मवीर पार्षद, बच्चू लाल शर्मा, संजीव शर्मा पार्षद, राजेश शर्मा, महेश मुद्गल, रामबाबू कटारे, राम नारायण, मनोज शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं भक्तगण उपस्थित रहे।

# हीट स्ट्रेस जागरूकता प्रशिक्षण आयोजित, सुरक्षा संबंधी दी गई जानकारी



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 29 अप्रैल.** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा भिंड में संचालित जल प्रदाय परियोजना के अंतर्गत श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए हीट स्ट्रेस अवेयरनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी के दौरान श्रमिकों को स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति जागरूक करना एवं बचाव संबंधी उपायों की जानकारी देना रहा।

प्रशिक्षण सत्र में श्रमिकों को गर्मी के मौसम में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं, हीट स्ट्रेस के लक्षण, बचाव के उपाय एवं कार्यस्थल पर बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही श्रमिकों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए ग्लूकोज युक्त पानी का वितरण भी किया गया। इसके अतिरिक्त पुरानी गल्ला मंडी स्थित ओएचटी साइट पर एक प्रेरणात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें श्रमिकों को सुरक्षित कार्य पद्धतियों का पालन करने, टीम भावना को मजबूत बनाने एवं कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले श्रमिकों का उत्साहवर्धन करते हुए 'बेस्ट सेफ्टी परफॉर्मर ऑफ द मंथ' सम्मान प्रदान किया गया तथा उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल समन्वय सामुदायिक विकास अधिकारी सोनिका शर्मा द्वारा किया गया। आयोजन में परियोजना से जुड़े अधिकारी एवं श्रमिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## बोलेरो-कार में सीधी भिड़ंत, दम्पत्ति की मौत

**सिंगरौली.** सीधी - सिंगरौली नेशनल हाईवे - 39 के गोपद पुल पर बोलेरो एवं कार के बीच हुई आमने-सामने भिड़ंत में कार में सवार पति-पत्नी की दर्दनाक मौत हो गई. वहीं मृतक की बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई है, जिन्हें रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रिफर किया गया है. बिटिया की हालत गंभीर है. कार को किराए से लेकर गायत्री प्रसाद तिवारी बैढ़न स्थित पचखोरा अपने आवास पत्नी ममता तिवारी एवं बेटी नेहा तिवारी के साथ यूपी के हलिया गांव से आ रहे थे कि करथुआ एवं बहरी के मध्य स्थित गोपद पुल पर बेकाबू बोलेरो वाहन करथुआ-झोको की ओर से आ रही थी कि गोपद पुलिया पर बोलेरो चालक ने सीधे टक्कर मार दिया. जिसमें कार में सवार गायत्री प्रसाद तिवारी उम्र 45 वर्ष, ममता तिवारी एवं नेहा के साथ-साथ वाहन चालक घायल हो गये. जहां घटना की सूचना मिलते ही यातायात चौकी प्रभारी झोखों अनिल मिश्रा घटनास्थल पहुंच

# रेलवे सुरक्षा मजबूत करने उच्चस्तरीय बैठक

**विशेष संवाददाता**
**भोपाल, 29 अप्रैल. मध्यप्रदेश के विस्तृत रेल नेटवर्क की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य रेलवे सुरक्षा उच्चस्तरीय समन्वय समिति की बैठक पुलिस मुख्यालय में आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने की.**

बैठक में विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने, निगरानी तंत्र को मजबूत करने तथा आगामी बड़े आयोजनों, विशेष रूप से सिंहस्थ 2028, को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक तैयारी पर जोर दिया गया. डीजीपी मकवाणा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेलवे सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं पर अग्रिम योजना, सतत निगरानी और त्वरित समन्वय सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा सुविधा मिल सके.उन्होंने सिंहस्थ के दौरान संभावित भारी यात्री दबाव को देखते हुए दीर्घकालिक एवं व्यापक सुरक्षा रणनीति तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया.



> साथ ही सिंहस्थ 2028 से जुड़ी व्यवस्थाओं, जैसे अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन, स्टेशन प्रबंधन की मजबूती, यात्री दबाव का प्रबंधन और आपदा प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करने पर भी विचार-विमर्श किया गया. इन चुनौतियों से निपटने के लिए बहु-एजेंसी समन्वय की प्रारंभिक रूपरेखा भी तैयार की गई. बैठक में विशेष पुलिस महानिदेशक (रेल) रवि कुमार गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) ए. साईं मनोहर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. वहीं इंटेलिजेंस ब्यूरो तथा विभिन्न रेलवे जोनों के वरिष्ठ अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े.